# शिवराज ने लॉन्च की वीबी जी-रामजी योजना

## 125 दिन रोजगार गारंटी योजना का राष्ट्रीय शुभारंभ

**नई दिल्ली, 02 जुलाई.** आंध्र प्रदेश के तिरुपति ज़िले के मुक्कावरिपल्ली गाँव से विकसित भारत जी राम जी योजना का आज राष्ट्रीय शुभारंभ हुआ, जहाँ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण, केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी और कमलेश पासवान तथा सांसद-विधायक और हजारों की संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा.

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर के गरीब मजदूरों, किसानों और गाँवों के लिए रोज़गार की गारंटी, ग्राम विकास के लिए बड़े वित्तीय आवंटन और पारदर्शी व्यवस्था के साथ एक नया मॉडल पेश किया गया. चौहान ने अपना संबोधन नमः वेंकटेश्वराय और गोविंदा, गोविंदा के जयकारों के साथ शुरू करते हुए कहा कि इस पावन धरती से विकसित भारत जी-राम जी योजना लागू होना गरीबों और मजदूरों के लिए भगवान की कृपा की वर्षा जैसा है.



> चौहान ने योजना के वित्तीय पक्ष पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि विकसित भारत- जी राम जी योजना के पहले ही वर्ष में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 95,000 करोड़ रु. से अधिक रहेगी और राज्यों की 40% हिस्सेदारी जोड़कर यह वार्षिक व्यय 1.51 लाख करोड़ रु. के आसपास पहुँचता है. शिवराज सिंह ने बताया कि अगले 5 साल में इस योजना के तहत कुल 7.5 लाख करोड़ रु. खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है.

उन्होंने प्रार्थना की कि देश में कोई भी गरीब मजदूर बिना काम के न रहे, हर हाथ को काम और हर पेट को रोटी मिले. इसी संकल्प को ज़मीन पर उतारने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हृदय से धन्यवाद दिया. चौहान ने याद दिलाया कि यूपीए सरकार के समय शुरू हुई मनरेगा में सिर्फ 100 दिन रोज़गार की गारंटी दी जाती थी. उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी की नई रणनीति के तहत विकसित भारत- जी राम जी योजना में मजदूरों के लिए पूरे 125 दिन तक काम की पक्की गारंटी दी जा रही है.

## भूस्खलन से केदारनाथ यात्रा मार्ग बाधित


**रुद्रप्रयाग, 02 जुलाई.** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर गुरुवार सुबह सोनप्रयाग और मुनकटिया के बीच पहाड़ी से अचानक भारी पत्थर गिरने के कारण भूस्खलन जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई. घटना के चलते पैदल मार्ग पर मलबा फैल गया, जिससे श्रद्धालुओं की आवाजाही तत्काल प्रभाव से रोकनी पड़ी. प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एहतियातन यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया. घटना की सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव दल, पुलिस और संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंचीं और मार्ग से पत्थर तथा मलबा हटाने का अभियान शुरू कर दिया. फिलहाल प्राथमिकता मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित बनाना है, ताकि किसी भी श्रद्धालु को खतरा न हो. मलबा हटाने के लिए मशीनों और कर्मचारियों की मदद ली जा रही है. सुरक्षा मानकों का आकलन करने के बाद ही यात्रा दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया जाएगा.

# विभाजन के बाद भारत आए लोग शरणार्थी नहीं

**नागपुर, 02 जुलाई.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि वर्ष 1947 के विभाजन के बाद पाकिस्तान से भारत आने वाले लोगों को शरणार्थी कहना उचित नहीं है. उनके अनुसार, वे ऐसे संघर्ष के योद्धा थे जिन्होंने अपनी कई पीढ़ियों से जुड़ी जमीन, कारोबार और संपत्ति छोड़कर भारत को चुना.

- नागपुर में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले
- उन्होंने संपति नहीं भारत और अपने विश्वास को चुना

उन्होंने कहा कि इन लोगों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने विश्वास को नहीं छोड़ा और भारत में अपने धर्म का पालन स्वतंत्र रूप से करने के उद्देश्य से यहां आए. मोहन भागवत बुधवार को नागपुर में सिंधु एजुकेशन सोसाइटी के 75वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे.



उन्होंने कहा कि भारत को एक बनाए रखने की लड़ाई में देश विभाजन का सामना करना पड़ा, लेकिन उस कठिन समय में भी अनेक लोगों ने अपने विश्वास और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए भारत को अपना देश चुना. उनके अनुसार, ऐसे लोगों के संघर्ष और त्याग को केवल शरणार्थी शब्द से परिभाषित नहीं किया जा सकता.

### शिक्षा के महत्व पर भी बोले मोहन भागवत

अपने संबोधन में भागवत ने शिक्षा के महत्व पर भी विस्तार से विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के लिए जिम्मेदार और अच्छे नागरिक तैयार करना भी होना चाहिए. उन्होंने कहा कि सही और गलत की पहचान केवल पुस्तकों से नहीं होती, बल्कि शिक्षकों के आचरण, व्यवहार और उनके द्वारा दिए जाने वाले संस्कारों से भी विकसित होती है. उन्होंने कहा कि जीवन में परिस्थितियों या भाग्य के सामने हार नहीं माननी चाहिए. जो व्यक्ति चुनौतियों का सामना करता है, वही आगे बढ़ता है, जबकि कठिनाइयों से बचने का प्रयास करने वाला व्यक्ति पहले ही पराजय स्वीकार कर लेता है. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की. बताया गया कि 10 से 12 जुलाई तक कर्नाटक के बेलगावी में अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संगठनात्मक विषयों पर चर्चा होगी.

### आईटीबीपी, बीएसएफ, एनएसजी ने रचा नया इतिहास

# एवरेस्ट विजेता जवानों का हुआ भव्य अभिनंदन

**नई दिल्ली, 02 जुलाई।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित भव्य फ्लैग-इन समारोह में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के माउंट एवरेस्ट अभियान-2026 तथा बीएसएफ के माउंट ल्होत्से अभियान-2026 के सफल दलों का अभिनंदन किया. इस दौरान उन्होंने आईटीबीपी और एनएसजी के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया.

समारोह में गृह सचिव गोविंद मोहन, आईबी के निदेशक महेश दीक्षित, आईटीबीपी महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, एनएसजी महानिदेशक बी. श्रीनिवासन और बीएसएफ महानिदेशक प्रवीण कुमार सहित तीनों बलों के वरिष्ठ अधिकारी और अभियान दलों के सदस्य मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान तीनों बलों ने अपने-अपने पर्वतारोहण अभियानों की प्रस्तुति दी तथा अभियान दलों के नेताओं ने गृह राज्य मंत्री को अभियान ध्वज भेंट किया. अपने संबोधन में नित्यानंद राय ने कहा कि विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटियों पर तिरंगा फहराना केवल साहसिक उपलब्धि नहीं, बल्कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की पेशेवर दक्षता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का सशक्त प्रमाण है. उन्होंने कहा कि पर्वतारोहण नेतृत्व क्षमता, जोखिम प्रबंधन, त्वरित निर्णय और टीम भावना की सबसे कठिन परीक्षा है, जबकि किसी भी अभियान की वास्तविक सफलता पूरी टीम के सुरक्षित लौटने में निहित होती है.




# यूपी पुलिस में रिकार्ड तबादले

**लखनऊ, 02 जुलाई.** उत्तर प्रदेश पुलिस में ताबड़तोड़ फेरबदल किए गए हैं. गुरुवार को एक साथ 125 डिप्टी एसपी अधिकारियों को इधर-उधर किया गया है. इनमें वो सभी अधिकारी शामिल हैं, निरीक्षक से डिप्टी एसपी के पद पर प्रमोशन दिया गया है.

जारी तबादला सूची के अनुसार विभिन्न जनपदों, पुलिस कमिश्नरेट, पीएसी, एटीएस, रेलवे पुलिस तथा अन्य इकाइयों में तैनात अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. इस व्यापक तबादले का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना और प्रशासनिक कार्यों में गति लाना बताया जा रहा है. शासन के आदेश के बाद सभी स्थानांतरित अधिकारियों को शीघ्र नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं. कमलेश कांत का तबादला मुरादाबाद से गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट किया गया है, जबकि सुनील कुमार सिंह को भदोही से बिजनौर भेजा गया है. अरुण कुमार शुक्ला को गोंडा से कौशांबी, मुकेश कुमार त्यागी को सहारनपुर से 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद तथा जावेद इकबाल खान को खीरी से 48वीं वाहिनी

- 125 डिप्टी एसपी इधर से उधर

पीएसी सोनभद्र में नई तैनाती दी गई है.इसी क्रम में रणवीर सिंह यादव को बागपत से शाहजहांपुर, राम किशन को बाराबंकी से गाजियाबाद कमिश्नरेट, अमित प्रताप सिंह को एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ से बहराइच तथा शिव ठाकुर को सहारनपुर से मेरठ भेजा गया है.

## 28 साल का आरोपी खुद ही गया थाने

**चंडीगढ़, 02 जुलाई.** हरियाणा के हिसार के शिवनगर क्षेत्र में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही 32 वर्षीय महिला की उसके साथी ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी. वारदात के बाद आरोपी स्वयं सूर्यनगर पुलिस चौकी पहुंचा और हत्या करने की बात स्वीकार की. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है. मामले की जांच जारी है. मृतका की पहचान पूजा (32) के रूप में हुई है, जो पिछले करीब पांच वर्षों से गौरव (28) के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी. गुरुवार सुबह आरोपी गौरव खुद सूर्यनगर पुलिस चौकी पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसने पूजा की हत्या कर दी है. सूचना मिलते ही पुलिस आरोपी को साथ लेकर मौके पर पहुंची,

# बंगाल के शिक्षा मंत्रियों संग धर्मेंद्र प्रधान की बैठक

**नई दिल्ली, 02 जुलाई.** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए हर संभव आवश्यक सहायता प्रदान करेगी.

### शिक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय, एनईपी के विजन के अनुरूप राज्य में शिक्षा को फिर से बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने बताया कि राज्य के शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने के उद्देश्य से रोडमैप तैयार करने के लिए विभिन्न स्तरों पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं. धर्मेंद्र



प्रधान ने बुधवार को नई दिल्ली में पश्चिम बंगाल सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री जगन्नाथ चट्टोपाध्याय और पश्चिम बंगाल सरकार के ही स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक बर्मन के साथ विस्तृत चर्चा की. यह चर्चा राज्य में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन, विस्तार और निधि आवंटन पर केंद्रित थी.

### एक नजर में



## वेनेजुएला में गूंजा भारत की सेवा का सम्मान

**काराकास.** वेनेजुएला में भारत की स्वास्थ्य सेवा और मेडिकल टीम की वहां के नागरिक दिल खोलकर प्रशंसा कर रहे हैं. आर्मी फील्ड अस्पताल में हो रही देखभाल और मदद को बेहतरीन बता रहे हैं. दिन रात पीड़ितों की सेवा में रत स्वास्थ्यकर्मियों और चिकित्सकों के समर्पण और सेवा भाव को दिखाती तस्वीरें और वीडियो क्लिप्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद हैं. जन कल्याण को समर्पित स्वास्थ्य योद्धाओं की झलकियां विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर साझा की. इनमें से एक वीडियो क्लिप में अपनी परिजन को लेकर पहुंची महिला ने कहा, हम इन्हें यहां ला-गुएरा से लेकर आए हैं. जैसे ही यहां पहुंचे, हमें तुरंत मदद पहुंचाई गई. वेनेजुएला में आए भूकंप में ये घायल हो गई थीं. यहां जांच के बाद बताया गया कि डबल फिबुला फ्रैक्चर हो गया है. अब कहा गया है कि इनकी यहीं पर सर्जरी होगी. यहां व्यवस्था बहुत अच्छी है, स्वास्थ्य सेवा बेहतरीन है.

### हस्तियों के ट्वीट



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पलाजो चिगी में, मैंने इटली के ईएसए अंतरिक्ष यात्री कर्नल लुका परमिटानो से मुलाकात की, जिन्हें नासा ने आर्टेमिस मिशन के पायलट के रूप में नामित किया है. इस मिशन का प्रक्षेपण 2027 में निर्धारित है, जिसका उद्देश्य मानवता की चंद्रमा पर वापसी का मार्ग प्रशस्त करना है.



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुफ्त पैसे, घर वगैरह एक बहुत बड़े आर्थिक कारण के तौर पर काम करते हैं, जो अवैध प्रवासियों को अमेरिका और यूरोप की ओर खींचते हैं.

# स्वच्छ कुंड में नमाज पढ़ने पर एफआईआर

## यूपी के सीएम योगी ने पूजास्थल पर नमाज के बाद जांच की शुरू

**लखनऊ, 2 जुलाई.** सहारनपुर के गंगोह रोड स्थित गोगा म्हाड़ी परिसर के ऐतिहासिक स्वच्छ कुंड में कथित तौर पर कुछ मुस्लिम महिलाओं द्वारा नमाज अदा किए जाने का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है.

वायरल वीडियो के सामने आने के बाद कुछ हिंदू संगठनों ने इस पर आपत्ति जताई और इसे लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है. घटना सोमवार शाम की बताई जा रही है. हालांकि, पुलिस ने अभी तक जांच पूरी होने से पहले घटना से जुड़े किसी भी दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है.



> अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि वीडियो में दिख रही परिस्थितियां क्या थीं और संबंधित व्यक्तियों की भूमिका क्या रही. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है. किसी भी पक्ष को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

### आज का इतिहास

- 1897- भारत की प्रसिद्ध समाजसेवी, स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद हंसा मेहता का जन्म.
- 1908- बाल गंगाधर तिलक को ब्रिटिश सरकार ने राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया.
- 1941- मलयालम सिनेमा और भारत के चोटी के फिल्म निर्माताओं में से एक अदूर गोपालकृष्णन का जन्म.
- 1969- महावीर चक्र से सम्मानित वीर भारतीय सैनिक दिगेन्द्र सिंह का जन्म.
- 1972- भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद शिमला समझौता पर हस्ताक्षर हुए.

# नवनिर्वाचित सदस्यों के प्रबोधन का कार्यक्रम आज

## लोस अध्यक्ष ओम बिरला दो दिवसीय कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली, 02 जुलाई. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तीन जुलाई को कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे.**

लोकसभा सचिवालय ने गुरुवार को बताया कि दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के दौरान विधायी कार्य के प्रमुख आयामों पर केंद्रित तकनीकी सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की जायेगी. इनमें एक प्रभावी विधायक कैसे बनें, सदस्यों के लिए संसदीय परंपराएं, परिपाटी एवं शिष्टाचार, विधानमंडलों में प्रश्नों एवं अन्य प्रक्रियात्मक साधनों के माध्यम से कार्यपालिका की उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना, भारतीय संसद की समिति प्रणाली, निजी सदस्य विधेयकों सहित विधायी प्रक्रिया, संसद में वित्तीय कार्य एवं बजटीय प्रक्रिया, संसदीय विशेषाधिकार एवं आचारनीति तथा राष्ट्रीय ई-विधान अनुप्रयोग (नेवा) विषयों पर विचार-विमर्श किया जायेगा.



> प्रबोधन कार्यक्रम का समापन चार जुलाई को पश्चिम बंगाल विधान सभा के ऐतिहासिक सदन कक्ष में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि के समापन संबोधन के साथ होगा. इस सत्र को श्री बिरला, हरियाणा के राज्यपाल प्रो. आशीम कुमार घोष, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, पश्चिम बंगाल विधान सभा के अध्यक्ष रथीन्द्र बोस तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति संबोधित करेंगे.

# इसरो मुख्यालय को मिला धमकी भरा ईमेल

## ■ इसरो परिसर में सुरक्षा अलर्ट ■ वैज्ञानिकों को बाहर निकाला गया

**बेंगलुरु, 02 जुलाई.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के मुख्यालय में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक ईमेल के जरिए परिसर को बम से उड़ाने की धमकी प्राप्त हुई. धमकी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत इमरजेंसी प्रोटोकॉल लागू करते हुए पूरे परिसर को खाली करा लिया और सभी कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया.

घटना की जानकारी मिलते ही बेंगलुरु पुलिस, बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और पूरे इसरो परिसर की गहन तलाशी शुरू की. घंटों तक चले सर्च ऑपरेशन के दौरान अब तक किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है. हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियात के तौर पर जांच जारी रखी है. धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है. अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि ईमेल कहां से भेजा गया और इसके पीछे कौन व्यक्ति या समूह शामिल हो सकता है. आईपी एड्रेस ट्रेस करने और डिजिटल फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया जारी है.

> इसरो प्रशासन ने बताया है कि सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं. इस घटना के बाद बेंगलुरु शहर की सुरक्षा व्यवस्था को भी और मजबूत किया गया है, क्योंकि यह शहर न केवल आईटी हब है, बल्कि कई रक्षा और वैज्ञानिक संस्थानों का केंद्र भी है. सुरक्षा एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए अतिरिक्त सतर्कता और निगरानी बढ़ाई जाएगी.

### प्रथम पृष्ठ के शेष

## नरोत्तम को चुनौती दे सकते हैं...

वहीं उनको कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती के पुत्र अनुज भारती चुनौती दे सकते हैं. उपचुनाव में इन दोनों ही दलों के बीच मुख्य मुकाबला होने की संभावना है. हांलाकि नाम अंतिम रूप से तय करने से पहले दोनों ही बड़े दलों के बीच रायशुमारी से लेकर पैनल तैयार करना और फिर उस पर स्वीकृति की मुहर लगाने की औपचारिकता भी होगी. लेकिन ये सब रस्मी ही होने की संभावना है. दोनों ही दलों के उम्मीदवार लगभग तय है.

**क्यों है दोनों नेताओं की दावेदारी मजबूत-** डॉ. नरोत्तम मिश्रा भाजपा के बेहद कद्दावर नेता माने जाते हैं, उनकी गिनती भाजपा के प्रदेश के अग्रिम पंक्ति के नेताओं में होती है. वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले वे प्रदेश के गृह मंत्री रह चुके हैं. लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें कांग्रेस के राजेन्द्र भारती से नजदीकी मुकाबले में 7742 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था. उनकी उम्मीदवारी को अभी दतिया से चुनौती देने के लिए भाजपा में कोई और कद्दावर नेता नहीं है, जो कांग्रेस को सीधी चुनौती दे सके, ऐसे में उनको ही टिकट मिलने की संभावना है. वैसे भी वे क्षेत्र में लगातार सक्रिय बने हुए हैं. इधर कांग्रेस की ओर से पिछले चुनाव में चुनौती देने वाले राजेन्द्र भारती की विधानसभा सदस्यता शून्य घोषित हो गई है, जिस कारण उपचुनाव हो रहे हैं. राजेन्द्र भारती को बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में 3 वर्ष की सजा सुनाई गई है. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 के तहत यदि किसी विधायक, सांसद को दो वर्ष या उससे अधिक की सजा मिलती है, तो उनकी सदस्यता खत्म हो जाती है, वहीं वे 6 वर्ष तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी घोषित हो जाते हैं. भारती फिलहाल अगले 9 वर्ष तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे. अभी तक कोर्ट से उन्हें कोई स्टे नहीं मिला है. ऐसे में राजेन्द्र भारती इस उपचुनाव में उम्मीदवार नहीं बन सकेंगे. लिहाजा अब कांग्रेस उनके पुत्र अनुज भारती पर दांव लगा सकती है. कांगेस के रणनीतिकारों का मानना है कि अनुज भारती ही भाजपा उम्मीदवार को चुनौती दे सकते हैं. उनका ये भी मानना है कि क्षेत्र में राजेन्द्र भारती की जिस तरह से सदस्यता निरस्त की गई, उससे क्षेत्र में उनके प्रति सहानुभूति है. इसी सहानुभूति को वोट में तब्दील करने के लिए पिता के बजाय पुत्र पर दांव लगाने की रणनीति तैयार की जा रही है.

**दिलचस्प होगा उपचुनाव-** भाजपा संगठन और डॉ. नरोत्तम मिश्रा की ताकत एक प्लस एक बराबर 11 की ताकत बनाते हैं. लिहाजा ये चुनाव बेहद दिलचस्प होने की संभावना है. ये उपचुनाव भाजपा और डॉ. मिश्रा दोनों के लिए ही प्रतिष्ठा का सबब बन गया है. भाजपा हर हाल में इस सीट पर वापस कब्जा करना चाहेगी. इधर कांग्रेस इस सीट को बरकरार रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी. सहानुभति की लहर पर सवाल कांग्रेस उपचुनाव में भाजपा को नजदीकी चुनौती पेश कर सकती है. पिछला चुनाव परिणाम भी बेहद नजदीकी रहा था, ये उपचुनाव भी नजदीकी रह सकता है.

**चुनाव आचार संहिता लागू-** उपचुनाव के लिए कार्यक्रम घोषित होते ही दतिया जिले में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है. 6 जुलाई को अधिसूचना जारी होते ही नामांकन भरने का सिलसिला शुरू हो जाएगा.

## मंत्रिमंडल व संगठनात्मक विस्तार को लेकर चर्चा

सकता है. इतना ही नहीं चर्चा है कि 2027 में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात , पंजाब व हिमाचल समेत 7 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर यानी मिशन 2027 के लिए भी इस महामंथन में विस्तृत समीक्षा की गई है ताकि चुनावी राज्यों के राजनीतिक समीकरणों को साधने के लिए संगठन और सरकार में जिम्मेदारियों का आवंटन किया जा सके.

### हत्याकांड | पॉलीग्राफ टेस्ट से खुलेंगे हत्या के राज

# सिया और चेतन का सच से सामना कराएगी पुलिस



**मुंबई, 02 जुलाई. पुणे हत्याकांड मामले में एक अहम मोड़ आया है. लोनावला ग्रामीण पुलिस व्यवसायी केतन अग्रवाल की हत्या के आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी का पॉलीग्राफ परीक्षण कराने के लिए अदालत से अनुमति लेने की तैयारी कर रही है. क्योंकि जांचकर्ताओं का मानना है कि अपराध से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य अभी भी छिपाए जा रहे हैं.**

इसके साथ ही पुलिस सिया गोयल को पुणे में उस जगह ले गई, जहां उसने और चेतन चौधरी ने कथित तौर पर केतन अग्रवाल को चट्टान से नीचे धकेलने की रिहर्सल की थी.

लोनावला ग्रामीण पुलिस स्टेशन के अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों ने पूछताछ के दौरान कथित तौर पर महत्वपूर्ण जानकारी छुपाई है. सच्चाई का पता लगाने और उनके बयानों की पुष्टि करने के लिए, पुलिस पॉलीग्राफ परीक्षण के लिए अदालत से अनुमति लेने की योजना बना रही है. चल रही जांच के तहत, पुलिस गुरुवार को मुख्य आरोपी सिया गोयल को पंचनामा प्रक्रिया पूरी करने के लिए उसके आवास पर ले गई. दोनों आरोपियों की पुलिस हिरासत 3 जुलाई को समाप्त होने वाली है. रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद, जांचकर्ता सिया गोयल और सह-आरोपी चेतन चौधरी का पॉलीग्राफ परीक्षण कराने की अनुमति के लिए अदालत में याचिका दायर कर सकते हैं. सिया गोयल का एक पुराना वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें वह एक पब में फोन पर गाली-गलौज करती हुई दिखाई दे रही है. यह वीडियो दिसंबर 2025 में रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें कथित तौर पर सिया को एक पब के अंदर दिखाया गया है, जहां वह बीयर की बोतल जैसी दिखने वाली चीज पकड़े हुए है और फोन पर बात कर रही है. बातचीत के दौरान, उसे अपशब्दों का प्रयोग करते हुए और यह कहते हुए सुना गया, पहले उसने मुझे धोखा दिया, फिर उसने मुझे फोन किया.सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी पर पुणे के पास लोहागढ़ किले में एक चट्टान से धक्का देकर उसके मंगेतर केतन अग्रवाल की हत्या करने का आरोप है.

## विदेशी सैनिकों के बीच भारतीय मेहमाननवाजी

**उलनबटार, 02 जुलाई.** उलानबटार में इन दिनों बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'खान क्वेस्ट 2026' चल रहा है. बीती शाम यहां युद्ध कौशल और सैन्य रणनीतियों से अलग भारत की संस्कृति, रंगों और स्वाद के नाम रही. भारतीय सेना ने एक भव्य 'इंडिया कल्चरल ईवनिंग' का आयोजन किया. इसके माध्यम से 18 देशों के सैनिकों को भारत की विविधता और परंपराओं से रूबरू कराया गया. यहां जैसे ही कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय दल के देशभक्ति गीत से हुई, पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा. भारतीय सैनिकों की सामूहिक प्रस्तुति ने न केवल देशभक्ति की भावना जगाई, बल्कि यह भी दिखाया कि भारतीय सेना अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कितनी गहराई से जुड़ी हुई है.